भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 403
04 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए

पीएलआई योजना

403. श्री महेश कश्यप:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पीएलआई योजना के पहले दौर की तुलना में दूसरे दौर में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) छोटी या मध्यम आकार की कंपनियों को भी पीएलआई योजना से लाभ मिलना सुनिश्चित किए जाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(ग) भारत के कुल इस्पात उत्पादन पर पीएलआई योजना 1.1 का अपेक्षित प्रभाव क्या है और इसने इस्पात के विशेष संदर्भ में आयात को कम करने में किस प्रकार योगदान दिया है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (ग): विशेष इस्पात हेतु पीएलआई योजना के लिए आवंटित समग्र बजट के अंतर्गत दूसरा दौर दिनांक 06 जनवरी, 2025 को शुरू किया गया था। दूसरे दौर में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के आकार पर ध्यान न देते हुए निम्नलिखित कदम उठाए गए है:-

i. पीएलआई योजना 1.1 हेतु समर्पित वेब पोर्टल की शुरूआत और मीडिया के द्वारा व्यापक प्रचार।
ii. योजना में भाग लेने में रूचि दिखाने वाली कंपनियों के साथ लगातार वेबिनार आयोजित करना।
iii. योजना में भागीदारी के नियमों को आसान बनाना, जैसे कि उन मामलें में 50% निवेश की अनुमति देना जहां कंपनियां अधिसूचित उप-श्रेणियों में भाग लेने हेतु मौजूदा सुविधाओं के विस्तार में निवेश करती है।

****